# पाठ - 8

**जब-जब, तब-तब, जब-तब**
**जहाँ-जहाँ - वहाँ-वहाँ**

# प्राकृतिक आपदाएँ

पर्यावरण असंतुलन और धरती की आंतरिक हलचल **जब** अपने भयानक रूप में प्रकट होती है **तब** हम इसे प्राकृतिक आपदा कहते हैं । बाढ़, सूखा, भूकंप, ज्वालामुखी तथा तूफान आदि प्राकृतिक आपदाएँ कहलाती हैं । **जब** प्राकृतिक आपदा आती है **तब** जान-माल की बहुत हानि होती है । यातायात, संचार सेवाएँ ठप्प हो जाती हैं, मकान गिर जाते हैं, मनु-य के साथ-साथ पशु-पक्षी एवं अन्य जीव-जंतु भी मारे जाते हैं ।

**जब** अधिक व-र्ा होती है **तब** बाढ़ आती है । **जहाँ-जहाँ** नदियों का पानी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगता है **वहाँ-वहाँ** फसलें न-ट हो जाती हैं । अनेक गाँव, नगर और बस्तियाँ डूब जाती हैं । बिजली, पानी और संचार की व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है । रेल की पटरियाँ उखड़ जाती हैं, रेलगाड़ियाँ रद्द हो जाती हैं । **जहाँ-जहाँ** बाढ़ का प्रकोप होता है **वहाँ-वहाँ** जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है ।

समुद्री तूफान भी एक बड़ा प्राकृतिक संकट है । इससे तटीय क्षेत्र अधिक प्रभावित होते हैं । **जब** ऊँची-ऊँची समुद्री लहरें आती हैं **तब** तट के इलाके जलमग्न हो जाते हैं । संचार और परिवहन व्यवस्था चौपट हो जाती है । समुद्री तूफान के पूर्व नाविकों और मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी रेडियो, दूरदर्शन, सार्वजनिक घो-ाणा अथवा अन्य जन संचार माध्यमों द्वारा दी जाती है ।

धरती की आंतरिक हलचल के कारण भूकंप आता है । **जिस जगह** भूकंप का केंद्र होता है **उस जगह** भूकंप का दु-प्रभाव अधिक दिखाई देता है । **जब** भूकंप आता है **तब** मकान या घरों से निकलकर खुली जगह में जाना चाहिए क्योंकि इमारतें, कच्चे घर, मकान आदि गिर जाते हैं और बड़ी संख्या में लोग हताहत होते हैं । **जहाँ-जहाँ** भूकंप अधिक आते हैं **वहाँ-वहाँ** लकड़ी के या भूकंपरोधी मकान बनाए जाने चाहिए ताकि जान-माल की अधिक हानि न हो ।

ज्वालामुखी में **जिस समय** धरती के भीतर का गरम लावा फूटकर बाहर आ जाता है **उस समय** गाँव के गाँव गर्म लावे में दब जाते हैं । ज्वालामुखी प्रभावित इलाके में लोग हर समय भय और आतंक में अपना जीवन बिताते हैं । यह संतो-ा की बात है कि ज्वालामुखी की दृ-िट से हमारा देश काफ़ी सुरक्षित है ।

इन प्राकृतिक आपदाओं से मनु-य अपनी सावधानी से काफ़ी हद तक बच सकता है । जंगलों की कटाई रोकने से बाढ़ के संकट को कम किया जा सकता है । भूकंप से बचाव के लिए भूकंपरोधी या लकड़ी के मकान बनाए जाने चाहिए । सुनामी आदि से बचाव के लिए तटों पर सघन वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। **जहाँ-जहाँ** प्राकृतिक आपदाएँ आती हैं **वहाँ-वहाँ** सरकार, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं एवं संगठनों को भी आपदा प्रबंधन के लिए सदा जागरूक रहना चाहिए ।

**जहाँ** एक ओर प्रकृति मनु-य की मित्र है **वहीं** दूसरी ओर अपने रौद्र रूप में शत्रु भी है । हमें चाहिए कि हम ऐसी आपदाओं के लिए सावधान रहें । **जहाँ** तक संभव हो हम हमेशा तत्पर एवं जागरूक रहें क्योंकि ये आपदाएँ अपने पीछे अनेक महामारियाँ छोड़े बिना नहीं जाती हैं । मनु-य के विजेता होने के बावजूद प्रकृति हर बार उसे एक नई चुनौती देती है । प्रत्येक चुनौती का सामना करने में ही मनु-य की पहचान छुपी है और सामना किए बिना आपदाओं से बचना संभव नहीं ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| पर्यावरण | environment | चेतावनी | warning |
| असंतुलन | imbalance | सार्वजनिक घो-ाणा | public announcement |
| आंतरिक | internal | हलचल | disturbance |
| प्राकृतिक आपदा | natural calamity | जन माध्यमों | mass media |
| बाढ़ | flood | भूकंप का केंद्र | epicentre |
| सूखा | drought | दु-प्रभाव | bad effects/ill effects |
| भूकंप | earthquake | भूकंपरोधी | earthquake resistant |
| ज्वालामुखी | volcano | आतंक | terror |
| तूफान | storm | कटाई | harvesting |
| ठप्प | standstill/halt | सघन वृक्षारोपण | extensive tree plantation |
| खतरा | danger | हताहत | injured/wounded |
| बस्तियाँ | settlements | आपदा | calamity/disaster |
| संचार | communication | के बावजूद | inspite of |
| अस्त-व्यस्त होना | disrupt | सामना करना | to confront |
| उखड़ना | uproot | पहचान | identity |
| तटीय | coastal | रौद्र | fearsome |
| जलमग्न | submerged in water | स्वयं सेवी संस्था | non government organisation |
| परिवहन | transport | | |

## संबद्ध शब्द

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रकृति | (सं.) | प्राकृतिक | (वि.) | आतंक | (सं.) | आतंकित | (वि.) |
| समुद्र | (सं.) | समुद्री | (वि.) | संतो-ा | (सं.) | संतो-ी | (वि.) |
| प्रभाव | (सं.) | प्रभावशाली | (वि.) | जागरूकता | (सं.) | जागरूक | (वि.) |
| केंद्र | (सं.) | केंद्रीय | (वि.) | | | | |

## पर्यायवाची शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राकृतिक | = | नैसर्गिक | आपदा | = | विपदा |
| धरती | = | पृथ्वी | आंतरिक | = | भीतरी |
| भयानक | = | भयंकर | आतंक | = | डर |
| विजेता | = | विजयी | यातायात | = | परिवहन |

## विलोम शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राकृतिक | × | अप्राकृतिक | संतुलन | × | असंतुलन |
| हानि | × | लाभ | व्यवस्था | × | अव्यवस्था |
| प्रभावित | × | अप्रभावित | संतो-ा | × | असंतो-ा |
| सुरक्षित | × | असुरक्षित | सावधानी | × | असावधानी |
| संभव | × | असंभव | सघन | × | विरल |

## बोध-प्रश्न

1. प्राकृतिक आपदा किसे कहते हैं ?
2. प्राकृतिक आपदा के क्या कारण हैं ?
3. कुछ प्राकृतिक आपदाओं के नाम बताएँ ।
4. बाढ़ आने पर हमें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?
5. भूकंप क्यों आता है ?
6. समुद्री तूफान से बचाव के लिए कौन-सी पूर्व सावधानी आवश्यक है ?

## व्याकरणिक टिप्पणी

यदि किसी वाक्य में जब, जहाँ, जब-जब, जहाँ-जहाँ आदि क्रिया विशे-णों का प्रयोग होता है तब दूसरे वाक्य में क्रमशः तब, वहाँ, तब-तब, वहाँ-वहाँ आदि उप वाक्य के प्रारंभ में आते हैं, जैसेः-

<u>जिस जगह</u> सूखा पड़ा <u>उस जगह</u> फसल बर्बाद हो गई ।

<u>जिस समय</u> बारिश शुरू हुई <u>उस समय</u> बिजली चली गई।

<u>जब</u> व-र्ा अधिक होती है <u>तब</u> फसल अच्छी होती है ।

<u>जहाँ</u> चाह <u>वहाँ</u> राह ।

<u>जहाँ-जहाँ</u> जाओगे <u>वहाँ-वहाँ</u> समस्याएँ आ सकती हैं ।

**के बावजूद (inspite of)**

वह बीमार हुआ, वह दफ़्तर आ गया ।

बीमार होने के बावजूद वह दफ़्तर आ गया ।

गाँव के गाँव - all the villages

बाढ़ में गाँव के गाँव डूब गए ।

During floods all the villages were drowned.

## मौखिक अभ्यास

### दोहरा स्थानापत्ति अभ्यास

### को-ठक के शब्द को बदल कर वाक्य बनाइए ।

(1) (जब) व-र्ा अधिक होती है (तब) फसल अच्छी होती है ।

| | |
|---|---|
| जहाँ | वहाँ |
| जिस साल | उस साल |
| जितनी | उतनी |
| जिस स्थान पर | उस स्थान पर |
| जिस प्रदेश में | उस प्रदेश में |
| जब-जब | तब-तब |
| जहाँ-जहाँ | वहाँ-वहाँ |

(2) (जब) तूफान आता है (तब) बिजली चली जाती है ।

| | |
|---|---|
| जहाँ | वहाँ |
| जब-जब | तब-तब |
| जिस दिन | उस दिन |

### रूपांतरण अभ्यास

**उदाहरणः** बाढ़ के कारण फसलें न-ट हो जाती हैं ।

जहाँ बाढ़ आती है वहाँ फसलें न-ट हो जाती हैं ।

जब बाढ़ आती है तब फसलें न-ट हो जाती हैं ।

1. समुद्री तूफान के कारण संचार और परिवहन व्यवस्था चौपट हो जाती है । (तूफ़ान आना)
2. धरती की आंतरिक हलचल के कारण भूकंप आता है । (हलचल होना)
3. ज्वालामुखी के कारण गाँव के गाँव लावे में दब जाते हैं । (ज्वालामुखी फटना)
4. भूकंप से मकान गिर जाते हैं । (भूकंप आना)
5. बर्फ़ गिरने पर ठंड बढ़ जाती है । (बर्फ गिरना)

**रूपांतरण अभ्यास**

**नमूनाः** नारियल कहाँ अधिक पैदा होता है ?

जहाँ-जहाँ समुद्र का किनारा है वहाँ-वहाँ नारियल अधिक पैदा होता है । (समुद्र)

1. लकड़ी के मकान कहाँ बनाए जाते हैं ? (भूकंप आना)
2. सीढ़ीनुमा खेत कहाँ होते हैं ? (पहाड़)
3. प्रदू-ाण कहाँ अधिक होता है ? (कारखाने)
4. गर्म कपड़े कहाँ अधिक पहने जाते हैं ? (ठंड होना)
5. चावल की खेती कहाँ की जाती है ? (अधिक व-र्ाा)

**रूपांतरण अभ्यास**

**उदाहरणः** वह बीमार होने के कारण दफ़्तर नहीं आया ।

वह बीमार होने के बावजूद दफ़्तर आ गया ।

1. मैंने सिरदर्द के कारण काम पूरा नहीं किया ।
2. पैसों की कमी के कारण वह पढ़ाई पूरी नहीं कर पाया ।
3. मौसम खराब होने के कारण वह कार्यालय नहीं आया ।
4. आरक्षण न मिलने के कारण श्री रमेश दौरे पर नहीं गए ।
5. महँगी होने के कारण श्रीमती सिन्हा ने कार नहीं खरीदी ।

**संवाद**

(1) कहाँ-कहाँ अच्छी खेती हो सकती है, चर्चा करें ।
(जहाँ अच्छी व-र्ाा होती है, अच्छी मिट्‌टी, खाद का प्रयोग, ट्रैक्टर का उपयोग, सिंचाई की व्यवस्था)

(2) मनु-य कहाँ रहना पसंद करते हैं, वार्तालाप करें ।
(जहाँ अच्छे/पक्के घर हों आदि)

(3) जब बिजली चली जाती है, तब लोग क्या करते हैं, चर्चा करें ।
इसी तरह बाढ़ आना, त्यौहार आना, लॉटरी लगना आदि स्थितियों में भी चर्चा करें ।